## एक नजर में

### मवैशी के बच्चे के अंग मिलने से लोगों में रोष



**आगर मालवा ।** छावनी वार्ड नंबर 19 में नाग मंदिर के पास बुधवार सुबह गोवंश के बच्चों के अंग मिलने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया। जानकारी लगने के बाद बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करने लगे। एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल मालवीय पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच करने लगे। इधर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता छावनी नाके पर गोवंश के बच्चे के अंग की शव यात्रा ले जाकर प्रदर्शन करने लगे। अधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी के बाकी के अवशेष पुलिस बरामद करके कार्यकर्ताओं को देगी ताकि वे विधि विधान से गोवंश के बच्चे का दफ़्ना सके तथा दोषी कृत्य को करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करके कड़ी कार्यवाही की जाए।

### महाविद्यालय में प्रेरणा और लक्ष्य निर्धारण पर कार्यशाला



**मोहन बड़ोदिया ।** शासकीय आर्यावर्त महाविद्यालय में प्रेरणा और लक्ष्य निर्धारण कार्यशाला आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी अभय भोसले ने किया, जिसमें महाविद्यालय की प्रभारी श्रीमती सौम्या सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार से हम मानसिक संतुलन के द्वारा हमारे जीवन में आने वाली समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं, जीवन में कोई सी भी समस्या आए हम घबराए नहीं, शांति पूर्वक विषय को समझे और उसका निराकरण करें। इस अवसर पर डॉ। प्रीति राजपूत, डॉ। राजकुमार सूत्रकार, गोपाल वर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, श्रीमती सायरा बानो खान, मोहन सूर्यवंशी, मदन लाल सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी अभय भोसले ने दी।

### युवा संगम रोजगार मेला 7 मई को

**शाजापुर ।** शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ़्ना के निर्देशानुसार 07 मई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति शासकीय महाविद्यालय मक्सी में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। युवा संगम रोजगार मेला में युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के लिये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदको की योग्यता 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई एवं स्नातक, आयु 18 से 40 वर्ष तक के लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कम्पनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाकर उपयुक्त अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से अनुरोध किया हैं उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से युवकध्युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाना है। इसके लिए आपके जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक के माध्यम से गावों मे मूनादी एवं पेंपलेट से प्रचार प्रसार एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डो से कचरा इकठा करने वाले वाहानो के माध्यम से मूनादी एवं पेंपलेट से प्रचार प्रसार करवाएं।

### ट्रैक्टर टॉली की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**शाजापुर ।** सुनेरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-52 पर बुधवार दोपहर मोल्डा जोड़ के पास गलत साइड से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पनवाड़ी निवासी विशाल प्रजापति, नरेंद्र उर्फराहुल और विकास व्यास घायल हो गए। जिन्हें डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

### 23 मई तक बढ़ाई गई गेंहू खरीदी और स्लॉट बुकिंग की समय अवधि

**शाजापुर ।** शासन के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है। पहले यह तिथि 9 मई तक निर्धारित थी जिसे बढ़ाकर अब 23 मई कर दिया गया है।

# एनिटाइम बेकरी पर खराब ब्रेड बेचने का आरोप

## सूचना के बाद 5 घंटे में प्रशासन की कार्रवाई

**शुजालपुर । शहर के मंडी क्षेत्र में स्थित एनिटाइम बेकरी एक बार फिर विवादों में आ गई है। यहां से खरीदी गई ब्रेड में खराबी मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मामला तूल पकड़ गया, जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की ।**



बेकरी पर जांच और कार्रवाई करते प्रशासनिक अमला

जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम मंडी सिटी रोड क्षेत्र स्थित एनिटाइम बेकरी से शिक्षक अभिजीत कुमार ने ब्रेड खरीदी, घर पहुंचकर पैकेट खोलने पर ब्रेड में फफूंद दिखाई दी। इस पर उन्होंने तुरंत बेकरी संचालक से संपर्क कर फोटो साझा किए, लेकिन आरोप है कि शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय सामान्य बताते हुए टाल दिया गया, इसके बाद उपभोक्ता स्वयं बेकरी पहुंचा और ब्रेड बदलने का आग्रह किया, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारी ने ब्रेड बदलने से इनकार कर दिया। कथित रूप से यह भी कहा गया कि ब्रेड ऐसी ही होती है, जिससे उपभोक्ता की नाराजगी और बढ़ गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी एनिटाइम बेकरी के प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है, इसके बावजूद इस तरह की शिकायत सामने आना चिंताजनक माना जा रहा है।

**शिकायत पर प्रशासन हरकत में आया**

मामला उजागर होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया, बुधवार को खाद्य विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने एनिटाइम बेकरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने बेकरी परिसर की स्थिति, साफ सफाई एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया। जांच के बाद बेकरी संचालक को सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में सभी खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्रवाई के दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा, केएल कुंभकार एवं पटवारी रिकी छाबड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे, प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई को आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बनाए रखने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार की लापरवाही न हो सके।



उपभोक्ता को दी गई फफूंद लगी ब्रेड

# कर्मचारियों की कमी, फिर भी शुजालपुर मंडी ने बनाई पहचान

## नियमित सुचारू संचालन के लिए 10 से 15 कर्मचारियों की आवश्यकता

**शुजालपुर। कर्मचारियों के अभाव से जूझ रही शुजालपुर कृषि उपज मंडी ने सीमित संसाधनों के बावजूद उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अ वर्ग की मंडी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जहां कम से कम तीन मंडी निरीक्षकों की आवश्यकता होती है, वहीं यहां निरीक्षक स्तर के पद रिक्त हैं और सहायक उपनिरीक्षकों की भी भारी कमी बनी हुई है।**




वर्तमान में मंडी का संचालन केवल दो सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह सिसोदिया और अंतर सिंह मकवाना के भरोसे किया जा रहा है, वहीं, मंडी कार्यालय के नियमित संचालन के लिए 10 से 15 कर्मचारियों की आवश्यकता होती है, लेकिन यहां गिने-चुने कर्मचारियों के सहारे ही पूरा कामकाज संभाला जा रहा है, मंडी की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां पदस्थ होने वाले अधिकारी भी लंबे समय तक टिक नहीं पाते। अधिकांश सचिव अधिकतम छह माह के भीतर ही स्थानांतरित हो जाते हैं, जिससे व्यवस्थाएं स्थिर नहीं हो पातीं। इन चुनौतियों के बीच अप्रैल 2026 में पदस्थ हुए सचिव योगेंद्र सिंह मेवाड़ा ने अपने कुशल नेतृत्व, अनुभव और प्रशासनिक दक्षता से मंडी की तस्वीर बदलने का प्रयास किया है, उनके कार्यकाल में अल्प समय में ही मंडी की आय में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और संभाग स्तर पर मंडी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मेवाड़ा ने मंडी की आंतरिक कमियों और व्यवस्थागत खामियों को समझते हुए सुधारात्मक कदम उठाए, जिससे सीमित स्टाफ के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार आया है। संसाधनों की कमी के बावजूद शुजालपुर मंडी का यह प्रदर्शन अन्य मंडियों के लिए उदाहरण बनता नजर आ रहा है।

# शुजालपुर के युवा व्यापारी ने राजगढ़ में लगाई फांसी



मृतक विजय केवट

**शुजालपुर। शुजालपुर के एक व्यापारी द्वारा राजगढ़ जिले में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि वह अपने ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था, इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया।**

जानकारी के अनुसार घटना राजगढ़ जिले के चोमा गांव के पास की है, जहां व्यापारी का शव एक कुएं की मुंडेर पर लटका मिला। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसने कुएं की मुंडेर पर लगे लोहे के सरिए से गमछा बांधकर फंदा लगा लिया, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके से पुलिस ने मृतक की बाइक एमपी 42 जेड जी 1453 और एक बैग भी बरामद किया है, मृतक की पहचान शुजालपुर मंडी बस स्टैंड क्षेत्र में होटल संचालित करने वाले विजय केवट 34 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने ससुराल सुठालिया, राजगढ़ में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। पुलिस ने रात में ही मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल भेजा गया, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### लखुंदर सिंचाई परियोजना को मिली मंजूरी, 9 हजार हेक्टेयर में होगी सिंचाई

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश की मोहन कैबिनेट ने शाजापुर जिले के लिए लखुंदर उच्च दाब सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को मंजूरी दे दी है। सीएम डॉ। मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में इस परियोजना के लिए 155 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। यह परियोजना शाजापुर जिले के 17 गांवों और उज्जैन जिले की तराना तहसील के 7 गांवों को लाभान्वित करेगी। इसके तहत कुल 9 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक में आमजन के हित, प्रदेश के विकास, स्वास्थ्य विभाग और अन्य सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े कई अहम फैसलों पर भी मुहर लगाई गई

### आरसेटी में अगरबत्ती बैच का समापन कार्यक्रम

**शाजापुर ।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम सलसलाई ब्लॉक मोहन बडोदिया में गैर आवासीय अगरबत्ती निर्माण विषय पर 12 दिवसीय 18 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आयोजित प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में किया गया। समापन कार्यक्रम के साथ प्रतिभागियों को मार्केट सर्वे भी करवाया गया, जिससे की उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाजार में किस प्रकार से विक्रय किया जाता है इसकी जानकारी दी गई । 1 मई से संस्थान में मोबाईल रिपेयरिंग का 30 दिवसीय पूर्णत: आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक संकाय राजेश परमार जीतेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पर संपर्क कर अपनी सिट सुनिश्चित कर सकते हैं।

# विद्यार्थी किसी भी स्तर पर परेशान न हो इस बात का रखें ध्यान

## महाविद्यालय में ई-प्रवेश प्रक्रिया पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**आगर मालवा । महाविद्यालय में ई प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई प्रवेश प्रणाली की संपूर्ण जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनाना था।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। डीपी चतुर्वेदी ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को आसान और सरल बनाने के लिए आप सभी प्रतिभागियों की जिम्मेदारी है विद्यार्थी किसी भी स्तर पर परेशान ना हो इस बात का हमें ध्यान रखना होगा। साथ ही सत्यापन प्रक्रिया को तय समय अनुसार पूर्ण करना होगा। जिससे कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे विद्यार्थियों की प्रवेश संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी हेल्पडेस्क का शुभारंभ भी किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अग्रिम प्रवेश प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ गोविंद पाटीदार जिला नोडल अधिकारी की प्रवेश द्वारा ई प्रवेश पोर्टल के उपयोग, पंजीयन प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, मेरिट सूची निर्माण, सीट आवंटन तथा प्रवेश पुष्टि की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न तकनीकी समस्याओं के समाधान एवं पोर्टल संचालन के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

### चलित साक्षात्कार में उपस्थित होकर पात्रता प्रमाण पत्र करें प्राप्त ...

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 1 मई से लेकर 15 मई तक संचालित रहेगी, विद्यार्थी निर्धारित समय अवधि में ऑनलाइन पंजीयन करवा कर महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही जो विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अन्य संकाय या विषय में प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं वह विद्यार्थी अग्रणी महाविद्यालय में 14 मई तक प्रतिदिन संचालित चलित साक्षात्कार में उपस्थित होकर पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात ही विद्यार्थियों को अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय में प्रवेश प्राप्त हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई तथा अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। प्रशिक्षण के अंत में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से ई-प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सकेगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुए प्रवेश प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे तथा विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे।

# मक्सी में बाइक सवार युवक पर चाकू से किया हमला

## गंभीर हालत में शाजापुर जिला अस्पताल में किया भर्ती

**मक्सी, 29 अप्रैल। शाजापुर जिले के मक्सी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 9 बजे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। मुरलीधर अस्पताल के पास चलती बाइक पर सवार एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को डायल 112 की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।**

घायल की पहचान प्रकाश पिता राजाराम मालवीय निवासी जलालपुरा, थाना टोंकखुर्द जिला देवास के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय, एसडीओपी अजय मिश्रा, मक्सी थाना पुलिस एवं तहसीलदार गौरव पोरवाल मौके पर पहुंचे और घायल के बयान दर्ज किए।

**सूक्ष्मता से जांच करेंगे...**

मंगलवार को प्रकाश मक्सी किराने का सामान लेने आया था। इसी दौरान मुरलीधर अस्पताल और पाटीदार धर्मशाला के बीच तीन से चार लोगों ने उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके शरीर पर तीन से चार जगहों पर चाकू से वार किए। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा के अनुसार इसमें जांच बारीकी से होगी और क्योंकि मामला थोड़ा संदिग्ध लग रहा है इसीलिए एफआईआर के बाद में भी इसकी सूक्ष्मता से जांच करेंगे।

### पैसों के लेनदेन का मामला आया सामने ...

घायल प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उस पर हमला उसके साढ़ू भाई नारायण और उसके साथियों ने किया है। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से पैसों के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रकाश के अनुसार उसकी शादी 10 फरवरी 2025 को भोपाल निवासी राधा मालवीय से हुई थी। शादी से पहले उसके साढ़ू भाई ने उससे ढाई लाख रुपये उधार लिए थे, जो अब तक वापस नहीं किए गए। पैसे मांगने पर आरोपी उसे लगातार धमका रहा था। घायल ने 28 अप्रैल को देवास जिले की टोककलां पुलिस चौकी में दिन में इस संबंध में आवेदन के तौर पर शिकायत भी दर्ज कराई थी, जिसके बाद से उसे जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं।

**एक नजर में** — कॉलेज में ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

# विद्यार्थी घर बैठे ही मोबाइल या कंप्यूटर से कर सकेंगे पंजीयन



**शाजापुर। उच्च शिक्षा विभाग भोपाल मध्यप्रदेश शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया की मार्गदर्शिका एवं समय सारणी जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के ई प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ। अरुण कुमार बोड़ाने ने बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी 1 मई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।**

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ही मोबाइल या कंप्यूटर से पंजीयन कर सकते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार न्यूनतम एक एवं अधिकतम दस महाविद्यालयों का चयन कर सकता है। पंजीयन के उपरांत विद्यार्थियों के डेटा का सत्यापन पोर्टल के माध्यम से ई वेरिफिकेशन द्वारा किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों का डेटा ऑनलाइन सत्यापित नहीं हो पाएगा उन्हें निर्धारित हेल्प सेंटर पर जाकर सत्यापन कराना होगा।

### मेरिट के आधार पर होगा सीटों का आवंटन

संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विभाग द्वारा मेरिट के आधार पर सीट आवंटन किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी, जिसके पश्चात कॉलेज स्तर पर काउंसलिंग के माध्यम से शेष प्रवेश दिए जाएंगे। प्रथम चरण 1 मई से प्रारंभ होकर 26 मई तक चलेगा, जबकि प्रथम चरण के अंतर्गत सीटों का आवंटन 20 मई को किया जाएगा। इसके पश्चात आगामी चरण निर्धारित समयानुसार संचालित होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। एसके तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेकर अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### विश्व मलेरिया दिवस पर दी बचाव की जानकारी...

**शाजापुर ।** कलेक्टर एवं सीएमएचओ के मार्गदर्शन में जिला मलेरिया कार्यालय में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मलेरिया, बिमारी से बचाव के लिए शपथ ली गई। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. केपी सिंह द्वारा मलेरिया जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो मलेरिया रोग से बचाव के लिए अपने घरो के आपस पास मच्छरजन्य परिस्थिति निर्मित न हो माईकींग के द्वारा प्रचार प्रसार एवं पेम्पलेटस वितरीत करेगा। मलेरिया समाप्ति के लिए संकल्पित: अब हम कर सकते है, अब हमें करना ही होगा। जिला स्तर से ग्राम स्तर तक कार्यरत प्रत्येक स्वास्थ्य अमले को सक्रिय किया जा रहा है। विगत वर्षों में प्रभावित समस्त क्षेत्रों में जन सामुदाय को प्रेरित किया जाएगा कि वे संग्रह किये गये पानी में मादा एनोफिलीज मच्छर की उपत्ति को रोकने हेतु बर्तन, कंटेनर को पूर्णत: ढंककर रखे तथा मच्छरों को काटने से बचाव के लिए बचाव विधि अपनाएं।